

jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

* अनमोल वचन *

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 292 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, मंगलवार 24 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

जालंधर नॉर्थ में मेयर वनीत धीर को मिली बड़ी राजनीतिक सफलता

भाजपा और अकाली दल के कई पदाधिकारी आम आदमी पार्टी में शामिल

प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा और कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने पार्टी में किया स्वागत, 'आप' की नीतियों और विकास कार्यों पर जताया भरोसा

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। जालंधर नॉर्थ विधानसभा हलके में आम आदमी पार्टी को उस समय बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली, जब विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े कई पदाधिकारियों और नेताओं ने आम आदमी पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। पंजाब प्रदेश प्रधान अमन अरोड़ा और कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया। इस राजनीतिक घटनाक्रम से जालंधर नॉर्थ हलके से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार और मेयर वनीत धीर को मजबूती मिली है। पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में भाजपा से जुड़े वार्ड इंचार्ज राजेश कुमार और बूथ इंचार्ज हरविंदर सिंह टिट्टू तथा अकाली दल से जुड़े बीसी विंग नेता जतिंदरजीत सिंह,



दविंदर सिंह, हपिंदर सिंह, मुनीश कुमार और चरणजीत सिंह डीसी के अलावा नामधारी सुरिंदर सिंह छिंदा, दिनेश कुमार दमन व नरिंदर पाल सिंह राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। इन नेताओं के पार्टी में शामिल होने से जालंधर नॉर्थ में आम आदमी पार्टी का राजनीतिक आधार और मजबूत होने की उम्मीद है। इस अवसर पर पार्टी नेतृत्व ने कहा कि आम आदमी पार्टी की जनहितैषी नीतियों, विकास कार्यों और जनसेवा की राजनीति से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के नेता लगातार पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। मेयर वनीत धीर ने इस समर्थन के लिए सभी नए साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जालंधर नॉर्थ के विकास, लोगों की समस्याओं के समाधान और शहर को बेहतर बनाने के लिए सभी को साथ लेकर काम किया जाएगा।



आर्थिक रिश्तों में भी भारत की स्थिति सुधरी

एशिया में भारत का बढ़ा दबदबा, पावर इंडेक्स 2026 में तीसरे नंबर पर पहुंचा देश

ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की ओर से 'एशिया पावर इंडेक्स 2026'

- **विदेशों में भारत के निवेश में 20 अरब डॉलर की कमी का असर रैंकिंग पर पड़ा**
- **रिपोर्ट में क्षेत्रीय व्यापार और निवेश संबंधों में स्थिरता का भारत को फायदा मिला**

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। एशिया में अपना दबदबा बढ़ाने के मामले में भारत ने एक बार फिर अपनी स्थिति मजबूत की है। ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की ओर से जारी 'एशिया पावर इंडेक्स 2026' में भारत को एशिया का तीसरा सबसे प्रभावशाली देश बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल पावर स्कोर बढ़कर 40.5 अंक हो गया है। इस सूची में अमेरिका पहले और चीन दूसरे स्थान पर कायम हैं। लोवी इंस्टीट्यूट के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था के स्कोर में गिरावट के पीछे रुपए की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की ओर से अर्थव्यवस्थाओं का आकलन करने के तरीके में किए गए बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा विदेशों में भारत के निवेश में करीब 20 अरब डॉलर की कमी का असर भी रैंकिंग पर पड़ा है। एशिया पावर इंडेक्स 2026 में भारत की आर्थिक क्षमता के स्कोर में गिरावट दर्ज की गई है। इस श्रेणी में भारत को 26.4 अंक मिले हैं। हालांकि, स्कोर कम होने के बावजूद भारत तीसरे स्थान पर बना हुआ है। भारत ने दूसरे एशियाई देशों के साथ आर्थिक संबंधों के मामले में भी सुधार किया है। इस श्रेणी में देश दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में क्षेत्रीय व्यापार और निवेश संबंधों में स्थिरता का भारत को फायदा मिला है। आर्थिक क्षमता में गिरावट के बावजूद भारत के भविष्य के संसाधनों से जुड़े प्रदर्शन में सुधार हुआ है। इस श्रेणी में भारत का स्कोर बढ़कर 56.2 अंक पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बढ़ोतरी देश की भविष्य की आर्थिक संभावनाओं और उपलब्ध अवसरों को दर्शाती है। लोवी इंस्टीट्यूट ने भारत के प्रदर्शन को मिला-जुला बताया है, क्योंकि जहां आर्थिक क्षमता में चुनौतियां सामने आई, वहीं कूटनीतिक और क्षेत्रीय प्रभाव में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

कूटनीतिक प्रभाव में भारत को 70.3 अंक

भारत के लिए कूटनीतिक प्रभाव सबसे मजबूत क्षेत्र बनकर सामने आया है। इस श्रेणी में देश को 70.3 अंक मिले हैं। रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्षेत्रीय नेतृत्व के आकलन में भी सुधार दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, क्षेत्रीय नेताओं के प्रभाव के आकलन में प्रधानमंत्री मोदी तीन स्थान ऊपर पहुंचे हैं। इस श्रेणी में वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे। देश ने कई अन्य देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

पंजाब को बचाने के लिए एनआरआई एक महीना पंजाब को दें, अपने हलके से कांग्रेस विधायक जिताकर जाएं: सरदार परगट सिंह

'आप' ने पंजाब को पुलिस राज और जंगल राज में बदला, भाजपा की नफरत की राजनीति भी पंजाब के लिए घातक: परगट सिंह

- **बदलाव के नाम पर चुने गए पंजाबी विधायक निकम्मे साबित हुए, पंजाब को दिल्ली वालों के हाथों सौंप दिया**

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह ने दोआबा के एनआरआई भाईयों से पंजाब को बचाने की मुहिम में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि वे कम से कम एक महीना पंजाब को दें और अपने-अपने विधानसभा हलकों में कांग्रेस के विधायकों को जिताकर जाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब इस समय बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहा है और प्रदेश को मौजूदा हालात से बाहर निकालने के लिए सभी पंजाबियों को एकजुट होकर आगे आना होगा। उन्होंने यह अपील विधानसभा हलका आदमपुर के गांव भट्टियां में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए की। सरदार परगट सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार में पंजाब नशों, गैंगस्टरवाद और बिगड़ती कानून-व्यवस्था की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। प्रदेश में हालात ऐसे बन गए हैं कि लोग अपने घरों, गलियों, मोहल्लों और गांवों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। सरकार ने पंजाब को पुलिस राज में बदल दिया है और सामाजिक भाईचारे को कमजोर करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब में नफरत फैलाने की राजनीति कर रही है, जबकि दूसरी तरफ बदलाव के नाम पर चुने गए पंजाबी विधायक भी जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्होंने पंजाब के हितों को दिल्ली के हाथों में सौंप दिया है। परगट सिंह ने कहा कि दोआबा के लोगों ने काफी हद तक पंजाब के हितों की रक्षा की, लेकिन मालवा में बदलाव के नाम पर ऐसा राजनीतिक प्रयोग किया गया, जिसका खामियाजा आज आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि लोगों पर 20-20 पुलिस केस दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब को बचाने के लिए अब जोश के साथ होश और एकजुटता की भी जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पंजाब में भाजपा सत्ता में आती है या आम आदमी पार्टी दोबारा सरकार बनाने में सफल होती है तो प्रदेश को मौजूदा नुकसान से भी दोगुना नुकसान उठाना पड़ सकता है, जिसकी भरपाई करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के भविष्य, आपसी भाईचारे और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। एनआरआई समुदाय से विशेष अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे साल में कम से कम एक महीना पंजाब के लिए निकालें।

15 प्रमुख मांगों को लेकर कर्मचारियों का धरना आखिरकार खत्म

जालंधर में नगर निगम कर्मियों की हड़ताल खत्म, मेयर विनीत धीर ने दिया मांगे पूरी करने का भरोसा

- **कर्मचारियों की मांगों को लिखित रूप में पूरा करने का भरोसा दिया**

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल। जालंधर नगर निगम में पिछले कई दिनों से भर्ती और स्टाफिंग समेत 15 प्रमुख मांगों को लेकर चल रहा कर्मचारियों का धरना आखिरकार खत्म हो गया है। निगम यूनियन के एक धड़े द्वारा 19 तारीख से प्रशासन के खिलाफ हड़ताल की जा रही थी। अब मेयर विनीत धीर के साथ हुई बैठक के बाद कर्मचारियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने का फैसला लिया है। एससी कमिशन के चेयरमैन चंदन ग्रेवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि निगम प्रशासन ने कर्मचारियों की मांगों को लिखित रूप में पूरा करने का भरोसा दिया है। चंदन ग्रेवाल ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर मेयर विनीत धीर के साथ बैठक की गई थी। इस दौरान निगम प्रशासन की ओर से भरोसा दिया गया कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को जल्द हल किया जाएगा। बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए मेयर और नगर निगम कमिश्नर ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने का फैसला किया। ग्रेवाल ने बताया कि नगर निगम में काम कर रहे 1196 कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया को लेकर फाइल पास हो चुकी है। बैठक के दौरान मेयर ने कर्मचारियों को संबंधित पत्र दिखाए। इसके अलावा 16 कर्मचारियों को जल्द नियुक्ति पत्र जारी किए जाने की बात भी कही गई है। कर्मचारियों की मांगों पर प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई है। चंदन ग्रेवाल ने बताया कि कर्मचारियों की सैलरी में भी बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही वर्ष 2004 के बाद से ग्रेच्युटी का लाभ नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया गया था। अब पंजाब सरकार की ओर से इस संबंध में पत्र जारी कर कर्मचारियों की मांग को मंजूरी दी गई है। उन्होंने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित कर्मचारियों की मांगों पर अब कार्रवाई हो रही है।



रोस्टर सिस्टम खत्म करने की मांग पर बोले चेयरमैन

रोस्टर सिस्टम के मुद्दे पर चंदन ग्रेवाल ने कहा कि इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता, लेकिन कर्मचारियों को इसमें राहत जरूर मिलनी चाहिए। कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में जरूरी सुधार किए जाने चाहिए। चंदन ग्रेवाल ने बताया कि हड़ताल के दौरान भी कर्मचारियों ने सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिया था। इसके लिए उन्होंने कर्मचारियों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

23-11-2026_Layout 1 24-11-2026 02:06 Page 2

पंजाब कांग्रेस में बड़ा सियासी उलटफेर

पूर्व विधायक मदनलाल जलालपुर की एक बार फिर कांग्रेस में वापसी, परगट सिंह ने निलंबन लिया वापस

अनुशासनहीनता के आरोप में तीन साल के लिए निलंबित थे

जालंधर सिटी लाइव

पटियाला। पंजाब की सियासत में एक बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है। पटियाला के घनौर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मदनलाल जलालपुर की एक बार फिर कांग्रेस पार्टी में वापसी हो गई है। पंजाब कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने सोमवार को उनका निलंबन रद्द करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी में बहाल कर दिया। गौरतलब है कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के हाथों से निकलकर परगट सिंह के पास आते ही सियासी समीकरण तेजी से बदले हैं। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने मदनलाल जलालपुर से उनके आवास पर मुलाकात की थी। इस मुलाकात के महज 24 घंटे के भीतर ही सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह ने जलालपुर का निलंबन वापस लेने का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया। कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, यह फैसला पार्टी के भीतर चल रहे 'डैमेज कंट्रोल' का हिस्सा है। हाल ही में राजपुरा से पूर्व कांग्रेस विधायक हरदयाल सिंह कंबोज ने पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया था। चूंकि मदनलाल जलालपुर और हरदयाल कंबोज आपस में नजदीकी रिश्तेदार हैं, इसलिए पार्टी नेतृत्व को इस बात की आशंका थी कि जलालपुर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं।



मंगलवार को चंडीगढ़ में तय होंगे उम्मीदवारों के नाम

इस बीच, पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट ने आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार को चंडीगढ़ में प्रदेश इलेक्शन कमेटी (चुनाव समिति) की अहम बैठक होने जा रही है। इस बैठक में आगामी चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। जलालपुर की वापसी को इसी चुनावी रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

इनोसेंट हार्ट्स में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

जालंधर सिटी लाइव



इनोसेंट हार्ट्स स्कूल्स के प्री-प्राइमरी विंग्स के अंतर्गत ग्रीन मॉडल टाउन, लोहारां, कैंटङ्कर्जडियाला रोड, नूरपुर रोड व कपूरथला रोड के सभी पाँचों कैंपसों में श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को श्री गुरु नानक देव जी की महान शिक्षाओं एवं जीवन मूल्यों से परिचित करवाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुद्वारे से आए सेवादारों द्वारा की गई पवित्र अरदास से हुआ। नन्हे विद्यार्थियों ने हाथ जोड़कर श्रद्धापूर्वक अरदास में सहभागिता की, जिससे सभी स्कूल परिसरों में शांति, सौहार्द एवं आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ। शिक्षकों ने बच्चों को गुरुपर्व के महत्व से अवगत करवाते हुए श्री गुरु नानक देव जी की कालजयी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शांति, समानता, प्रेम, करुणा एवं विश्व बंधुत्व के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। इस दौरान स्कूल परिसर वाहेगुरु, वाहेगुरु के पावन जयकारों से गूँज उठा। नन्हे विद्यार्थियों ने भी पूरे श्रद्धाभाव के साथ इस आध्यात्मिक आयोजन में भाग लिया। बच्चों को श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दिए गए तीन प्रमुख सिद्धांतों– नाम जपो (ईश्वर का स्मरण करो), किरत करो (ईमानदारी से आजीविका कमाओ) और वंड छको (मिल-बाँटकर खाओ) से भी परिचित करवाया गया। उन्हें इन जीवन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा सत्य, दया, प्रेम और निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। यह उत्सव हर्षोल्लास एवं आध्यात्मिक आनंद के वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन ने नन्हे विद्यार्थियों के मन में श्री गुरु नानक देव जी की महान शिक्षाओं के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की भावना जागृत की और उन्हें मानवता, सद्भावना एवं सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को मिली समिति में जगह

मनोरंजन कालिया, सुनील जाखड़ और तरुण चुघ को बड़ी जिम्मेदारी, पंजाब भाजपा ने जारी की 19 नेताओं की लिस्ट

■ पंजाब भाजपा की ओर से संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में पंजाब भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए राज्य चुनाव समिति का गठन किया है। प्रदेश भाजपा प्रधान केवल सिंह ढिल्लों ने समिति की घोषणा की है। इसमें पूर्व मंत्री मनोरंजन कालिया, मनप्रीत बादल, तरुण चुघ, अश्वनी शर्मा और सुनील जाखड़ समेत कुल 19 नेताओं को शामिल किया गया है। भाजपा की ओर से घोषित समिति में पार्टी के कई ऐसे चेहरे शामिल हैं, जो पंजाब की राजनीति और संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्षों से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी संभाल रहे नेताओं तक को इस समिति में जगह दी गई है। भाजपा की ओर से जारी सूची में पार्टी के कई वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को जगह दी गई है। इनमें राज्यसभा सांसद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व डिप्टी स्पीकर और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्तर के नेता शामिल हैं। समिति में शामिल नेताओं में मनप्रीत बादल, तरुण चुघ, अश्वनी शर्मा, सुनील जाखड़, मनोरंजन कालिया और श्वेत मलिक प्रमुख हैं। पार्टी ने इन नेताओं को चुनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के लिए चुना है।

2027 चुनाव को लेकर तेज की गतिविधियां

पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा लगातार अपनी रणनीति तैयार कर रही है। राज्य चुनाव समिति का गठन इसी चुनावी तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है। इस समिति में अलग-अलग राजनीतिक और संगठनात्मक अनुभव रखने वाले नेताओं को शामिल किया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी से चुनावी रणनीति और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल से 70.19 लाख की ठगी

■ रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल को 70 लाख 19 हजार 608 रुपए का चूना लगाया

जालंधर सिटी लाइव



मोहाली। मोहाली से साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में शॉर्ट-टर्म निवेश के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर न्यू चंडीगढ़ निवासी भारतीय सेना के रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल को 70 लाख 19 हजार 608 रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने पहले एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप पर करोड़ों रुपए का वर्चुअल मुनाफा दिखाकर पीड़ित का भरोसा जीता और फिर पैसे निकालने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए। फिलहाल पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है। मोहाली साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में 68 साल के ओम प्रकाश ने बताया कि 31 अगस्त 2026 को फेसबुक चलाते समय उन्हें शेयर मार्केट में शॉर्ट-टर्म निवेश से मुनाफा कमाने का एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में दिए गए लिंक के जरिए वह करीब 150 सदस्यों वाले एक वॉट्सएप ग्रुप से जुड़ गए। यहां उन्हें शेयर बाजार से जुड़ी जानकारियां और स्टॉक खरीदने के सुझाव दिए जाते थे। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें ढ्ढढ्ढस्रु हह्ङ्घस्र नाम की एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करवाई और ष्ठ्ठक्र अकाउंट खोलने के नाम पर उनके पैन कार्ड और आधार कार्ड की जानकारी भी ले ली। आरोपियों के सुझाव पर पीड़ित ने 2 सितंबर से निवेश करना शुरू किया। 21 अक्टूबर तक उन्होंने अलग-अलग बैंक खातों में कुल 44 लाख रुपए जमा करवा दिए। कुछ समय बाद फर्जी ऐप पर उनके खाते में करीब 2 करोड़ 61 लाख 96 हजार रुपए का मुनाफा दिखाया गया।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 5 ग्राम हेरोइन सहित दो को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर : थाना जीरा सदर एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 5 ग्राम हेरोइन के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानाकारी अनुसार थाना सदर जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मल्होके के नजदीक से शक के अधार पर लखविन्द्र सिंह पुत्र मस्ता सिंह वासी गांव बहक गुज्जरां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि एक अन्य मामलें में थाना मक्खू के एएसआई जगदेव सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी निरवैल सिंह वासी वार्ड नंबर 13 बस्ती बोलोके मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

राजनीति में एक बड़ा और नया सियासी समीकरण ले रहा आकार

2027 चुनाव से पहले पंजाब में नया सियासी गठबंधन! ये 3 पार्टियां आएंगी एक साथ

- चुनाव लड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि गठबंधन की घोषणा जल्द कर दी जाएगी
- वहीं अलग-अलग क्षेत्रों में अपने-अपने मजबूत जनाधार का लाभ उठाने की कोशिश

जालंधर सिटी लाइव



पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में एक बड़ा और नया सियासी समीकरण आकार लेता दिख रहा है। डिब्रूगढ़ जेल में बंद खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी 'अकाली दल-वारिस पंजाब दे', 'शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत)' और 'बहुजन समाज पार्टी' (बसपा) आगामी चुनावों में एक साथ मिलकर उतरने की तैयारी कर रहे हैं। फरीदकोट में एक बैठक में शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) के अध्यक्ष ज्ञानी हरप्रीत सिंह और बसपा के पंजाब प्रदेश अध्यक्ष अवतार सिंह करीमपुरी के बीच लंबी चर्चा हुई। गौरतलब है कि बसपा और सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर पहले ही सहमति बन चुकी है। बैठक के बाद अकाली दल (पुनर सुरजीत) के फरीदकोट से वरिष्ठ नेता अमनिंदर सिंह बन्नी ने चुनाव लड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि गठबंधन की घोषणा जल्द कर दी जाएगी। माझा, दोआबा और मालवा के वोट बैंक को साधने की रणनीति राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इन तीनों दलों का एक मंच पर आना राज्य के पारंपरिक और क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देने की एक सोची-समझी रणनीति है। तीनों पार्टियां पंजाब के अलग-अलग क्षेत्रों में अपने-अपने मजबूत जनाधार का लाभ उठाने की कोशिश कर रही हैं।

WHATSAPP यूजर्स के लिए साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनी

WHATSAPP चलाने वाले हो जाएं सावधान! केंद्र सरकार ने जारी की एडवाइजरी

- कंप्यूटर या लैपटॉप पर अकाउंट खुला छोड़ना भारी पड़ सकता है
- संवेदनशील जानकारी के साथ निजी डेटा की सुरक्षा भी खतरे में

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। अगर आप भी कंप्यूटर या लैपटॉप पर WhatsApp Web का इस्तेमाल करते हैं तो सावधान हो जाइए। केंद्र सरकार ने WhatsApp यूजर्स के लिए साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनी जारी की है। गृह मंत्रालय की साइबर क्राइम यूनिट ने आगाह किया है कि कंप्यूटर पर WhatsApp अकाउंट खुला छोड़ना भारी पड़ सकता है। इससे यूजर्स की संवेदनशील जानकारी के साथ-साथ उनके निजी डेटा की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। सरकार की ओर से जारी एडवाइजरी में बताया गया है कि साइबर अपराधी WhatsApp Web को निशाना बनाकर यूजर्स के अकाउंट तक पहुंच बना सकते हैं। अगर किसी कंप्यूटर पर अकाउंट लॉग-इन है और यूजर उसे लॉग-आउट किए बिना छोड़ देता है, तो दूसरे व्यक्ति को उसकी चैट और निजी जानकारियों तक पहुंच मिल सकती है। साइबर ठग इस तरह की लापरवाही का फायदा उठाकर अकाउंट का गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं। साइबर क्राइम यूनिट ने लोगों को सलाह दी है कि WhatsApp Web के जरिए ऑफिस से जुड़ी गोपनीय जानकारी, सरकारी दस्तावेज, संवेदनशील डेटा और पैसों से जुड़े जरूरी काम करने से बचें। खासकर ऐसे कंप्यूटर पर WhatsApp इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, जिस पर दूसरे लोगों की भी पहुंच हो। इससे निजी और महत्वपूर्ण जानकारियां अनधिकृत लोगों तक पहुंचने का जोखिम बढ़ सकता है। सरकार ने WhatsApp Web इस्तेमाल करने वालों को कुछ जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है। एडवाइजरी के मुताबिक, कंप्यूटर पर काम खत्म होने के बाद WHATSAPP अकाउंट को लॉग-आउट करना बेहद जरूरी है। इसके अलावा साइबर कैफे, सार्वजनिक कंप्यूटर और दूसरे साझा सिस्टम पर WHATSAPP WEB खोलने से बचना चाहिए। यूजर्स को सुनिश्चित करना चाहिए कि अकाउंट किसी अनजान डिवाइस पर लॉग-इन न रहे।

पानी की बोतल खरीदने वालों के लिए बड़ी खबर

बिसलेरी के पानी पर उठे सवाल! जांच में मिले खतरनाक केमिकल, FSSAI ने लिया बड़ा एक्शन!

- ड्रिंकिंग वाटर कंपनी बिसलेरी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं
- कंपनी के पानी का एक सैंपल जांच में असुरक्षित पाया
- जांच के दौरान पानी में तय सीमा से ज्यादा ब्रोमेट पाया

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। पानी की बोतल खरीदने वालों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। देश की जानी-मानी पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर कंपनी बिसलेरी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्नस्ड्ढ) ने बिसलेरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दरअसल, कंपनी के पानी का एक सैंपल जांच में असुरक्षित पाया गया है। स्नस्ड्ढ के मुताबिक, यह सैंपल बिसलेरी के कैंपस से लिया गया था। जांच के दौरान पानी में तय सीमा से ज्यादा ब्रोमेट पाया गया। इसके बाद फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स एक्ट 2006 के तहत इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया। सैंपल को दोबारा जांच के लिए रेफरल फूड लैबोरेटरी भेजा गया। वहां भी जांच में PAHs की मौजूदगी सामने आई और सैंपल असुरक्षित बताया गया। ब्रोमेट एक ऐसा केमिकल है, जो पानी को साफ करने की प्रक्रिया के दौरान बन सकता है। इसकी तय सीमा से ज्यादा मात्रा सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसे संभावित कैंसरकारी भी माना जाता है। वहीं, PAHs यानी पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन्स कई तरह के केमिकल का समूह है। ये पेट्रोल, डीजल, कोयला और प्लास्टिक जैसी चीजों के जलने या औद्योगिक प्रदूषण से बन सकते हैं।

लोगों को सावधानी रखनी चाहिए?

इस कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि बाजार में बिकने वाली बिसलेरी की हर बोतल असुरक्षित है। फिलहाल यह मामला जांच में मिले एक सैंपल से जुड़ा है। ऐसे में पानी की बोतल खरीदते समय उसकी सील, स्नस्ड्ढ लाइसेंस नंबर, ब्नस्ड्ढ मार्क, एक्सपायरी और बैच नंबर जरूर चेक करें।अगर पानी के रंग, स्वाद या गंध में कोई बदलाव महसूस हो तो उसे पीने से बचें और संबंधित विभाग या कंपनी को शिकायत करें।

गुरुपर्व पर कर्मचारियों, विद्यार्थियों व आम जनता के लिए अहम घोषणा

पंजाब में सरकारी छुट्टी का ऐलान! बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज और सरकारी ऑफिस



- श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर पूरे पंजाब में विशेष तैयारियां
- कीर्तन दरबार, अखंड पाठ और लंगर सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम
- बड़ी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकेंगे और गुरु साहिब का आशीर्वाद लेंगे

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए मंगलवार, 24 नवंबर को पूरे प्रदेश में सरकारी छुट्टी का ऐलान किया है। यह छुट्टी श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर घोषित की गई है। इस आदेश के तहत मंगलवार को पंजाब भर के सभी सरकारी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान और सरकारी ऑफिस पूरी तरह से बंद रहेंगे।

प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर पूरे पंजाब में विशेष तैयारियां की गई हैं। 24 नवंबर को राज्य के सभी प्रमुख गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार, अखंड पाठ और लंगर सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारों में पहुंचकर माथा टेकेंगे और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

23-11-2026_Layout 1 24-11-2026 02:06 Page 3

'मंथन' प्रकल्प के समर्थन में सात दिवसीय भव्य 'श्री राम कथा अमृत' का शुभारंभ

विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने प्रथम दिवस पर 'राम कथा महात्म्य' और युवा पीढ़ी (Gen-Z) के लिए इसकी प्रासंगिकता पर डाला प्रकाश

जालंधर सिटी लाइव







जालंधरः दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक प्रकल्प 'मंथन' (जो अभावग्रस्त व गरीब बच्चों की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समर्पित है) के सहयोगार्थ सात दिवसीय भव्य 'श्री राम कथा अमृत' का शुभारंभ साई दास स्कूल ग्राउंड में अत्यंत श्रद्धा व उल्लास के साथ हुआ। 22 से 28 नवंबर तक प्रतिदिन सायं 6ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक चलने वाली इस कथा का वाचन करने के लिए संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी अपनी संत मंडली सहित शहर में पधारी हुई हैं। कथा के प्रथम दिवस साध्वी श्रेया भारती जी ने 'राम कथा महात्य', 'राम क्या हैं और उन्हें कैसे जाना जाए' तथा 'आज की युवा पीढ़ी (Gen-Z) के लिए श्री राम कथा क्यों आवश्यक है' जैसे गूढ़ विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य आध्यात्मिक एवं वैचारिक बिंदुः राम का वास्तविक स्वरूपः साध्वी जी ने समझाया कि राम केवल दशरथ नंदन या एक ऐतिहासिक चरित्र मात्र नहीं हैं, बल्कि वे घट-घट में व्याप्त वह शाश्वत चेतना हैं, जिन्हें केवल बाहरी कर्मकांडों से नहीं, अपितु %ब्रह्मज्ञान% (आत्म-साक्षात्कार) के माध्यम से अपने भीतर ही जाना और अनुभव किया जा सकता है।

Gen-Z के लिए श्री राम कथा की अनिवार्यताः आज के डिजिटल और तेज़ रफ्तार दौर में युवा पीढ़ी (Gen-Z) तनाव, भटकाव और पहचान के संकट (Identity Crisis) से जूझ रही है। साध्वी जी ने बताया कि प्रभु श्री राम का जीवन प्रबंधन, धैर्य, मर्यादा और विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने की कला युवाओं के लिए एक लाइफ मैनुअल (जीवन मार्गदर्शिका) की तरह है, जो उन्हें मानसिक शांति और सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है।

मंथन प्रकल्प का उद्देश्यः उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संस्थान के सामाजिक प्रकल्प मंथन से अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में वास्तविक बदलाव ला सकती है। यह कथा समाज के वंचित वर्ग के बच्चों का भविष्य संवारने का एक पुनीत माध्यम है। कथा के दौरान साध्वी बहनों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुमधुर भजनों और भावपूर्ण चौपाइयों ने पूरे पंडाल को भक्तिरस से सराबोर कर दिया, जिस पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे।

पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थितिः कथा का शुभारंभ विधिवत पूजन एवं आरती के साथ हुआ, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में गौतम कुकरेजा, गौरव कुकरेजा, सोनू कुकरेजा एवं प्रीति कुकरेजा ने सपरिवार पूजन करवाया। दैनिक यजमान के रूप में डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. केशव गुप्ता (ENT स्पेशलिस्ट), सुनील भारद्वाज एवं वरुण मल्होत्रा ने सपरिवार पावन ज्योति प्रज्वलित कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पावन अवसर पर शहर की कई गणमान्य हस्तियों ने विशेष रूप से शिरकत की, जिनमें डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया, राज्यसभा सांसद एवं एलपीयू (LPU) के चांसलर अशोक मित्तल उद्योगपति चरणजीत सिंह महंगी, रूप मेहता सहित असंय प्रभु भक्त उपस्थित रहे। स्वामी सज्जनानंद जी ने समस्त शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में साई दास स्कूल ग्राउंड पहुंचकर इस ज्ञानयज्ञ का लाभ उठाएं और नेक कार्य में सहभागी बनें। इस दौरान स्वामी गिरधारानंद जी, साध्वी पल्लवी भारती जी, साध्वी शशि प्रभा भारती जी सहित अन्य प्रचारक भी उपस्थित रहे अगले दिन के प्रसंग में श्री राम विवाह एवं सीता स्वयंवर प्रसंग के गूढ़ रहस्यों को उजागर किया जाएगा।

जालंधर में रणतेज सिंह पोवार को 'आप' ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, यूथ विंग का स्टेट वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त

जालंधर सिटी लाइव



आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने अपने युवा संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने जालंधर के रणतेज सिंह पोवार को यूथ विंग का स्टेट वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को आगामी चुनावों के मद्देनजर पार्टी की संगठनात्मक मजबूती से जोड़कर देखा जा रहा है। रणतेज सिंह पोवार की युवाओं के बीच अच्छी पकड़ मानी जाती है। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि उनकी नियुक्ति से युवा वर्ग में संगठन की सक्रियता और मजबूत होगी। आगामी चुनावों में भी इसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिल सकता है। रणतेज सिंह पोवार को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद जालंधर कैंट हलके में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। वह युवा कार्यकर्ताओं को पार्टी के साथ जोड़ने और संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के लिए काम करेंगे।

एच.एम.वी. में पद्मश्री प्रो. एच.सी. वर्मा के साथ 'फिजिक्स मंथन' का आयोजन



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंस राज महिला महाविद्यालय, जालंधर के स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग द्वारा इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (IAPT RC-02) के सहयोग से प्राचार्या डॉ. एकता खोसला के कुशल मार्गदर्शन में 21 नवंबर को 'फिजिक्स मंथन' विषय पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात भौतिक विज्ञानी एवं पद्मश्री सम्मानित प्रो. एच.सी. वर्मा मुख्य अतिथि के रूपमें उपस्थित रहे। डीन अकादमिक्स डॉ. सीमा मरवाहा, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अंजना भाटिया, स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. सलोनी शर्मा, IAPT RC-02 के सचिव डॉ. सुशील कुमार तथा भौतिकी विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. सिम्मी गर्ग ने मुख्य अतिथि प्रो. एच.सी. वर्मा एवं IAPT नॉर्थ की उपाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी स्याल का हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरांत डॉ. सलोनी शर्मा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला।

सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व

















जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की विभिन्न शाखाओं में प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी का पावन प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन प्रथम सिख गुरु जी की जयंती को समर्पित था, जिनकी अमूल्य शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता को प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। इनमें शबद कीर्तन, धार्मिक प्रार्थनाएं और श्री गुरु नानक देव जी के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित भाषण शामिल थे। विद्यार्थियों को गुरु साहिब के सिद्धांतों नाम जपो, किरत करो और वंड छको को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जो ईश्वर की भक्ति, ईमानदारी से मेहनत करने और दूसरों के साथ मिल-बांटकर रहने का संदेश देते हैं। इस आयोजन के दौरान गुरु नानक देव जी के सार्वभौमिक संदेश समानता, भाईचारे, करुणा और सभी धर्मों के प्रति सम्मान को भी उजागर किया गया। संस्थान ने इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व पर जोर दिया। सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंधन ने इस पावन अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और प्रत्येक व्यक्ति को श्री गुरु नानक देव जी द्वारा दिखाए गए मानवता, शांति और निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।







23-11-2026_Layout 1 24-11-2026 02:06 Page 4

आप नेता लकी ओबेरॉय के परिवार को निशाना बनाया

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादलः जालंधर से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है।ृक्कनेता लकी ओबेरॉय के परिवार को निशाना बनाने की कोशिश की गई है। एक्टिवा सवार 2 से 3 हमलावरों ने उनके छोटे भाई दमन ओबेरॉय पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन गलतफहमी के चलते पास खड़ी दूसरी इनोवा गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। वारदात के बाद आरोपी अपनी एक्टिवा मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। घटना की



सूचना मिलते ही मार्केट एसोसिएशन के सदस्य, समाजसेवी पारस मल्होत्रा और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस आसपास लगे ष्टष्ठङ्खङ्क कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं, परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पुख्ता सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, दमन ओबेरॉय अपनी गाड़ी से उतरकर दफ्तर के अंदर गए थे। इसी दौरान हमलावर वहां पहुंचे। उन्हें लगा कि दमन ओबेरॉय इनोवा गाड़ी के अंदर बैठे हैं। इसी गलतफहमी में उन्होंने दूसरी इनोवा के शीशे तोड़ दिए। शोर मचने पर आरोपी मौके से भाग निकले।

आप नेता लकी ओबेरॉय की गोली मारकर हत्या

गौरतलब है कि 6 फरवरी को मॉडल टाउन गुरुद्वारा साहिब के बाहर ृक्कनेता लकी ओबेरॉय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई रमन ओबेरॉय इस मामले के मुख्य चश्मदीद गवाह हैं। दमन ओबेरॉय का आरोप है कि हत्याकांड के आरोपी उन पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। उन्हें अलग-अलग नंबरों और जेलों से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। उनका कहना है कि पिछले कुछ दिनों से संदिग्ध युवक उनके घर और दफ्तर की रेकी भी कर रहे थे।

पुलिस ने घटनास्थल से एक्टिवा (नंबर PB08-FS-0458) को कब्जे में ले लिया है। दमन के मुताबिक, उन्होंने पहले ही पुलिस कमिश्नर कार्यालय में शिकायत दी थी और डाक के जरिए रजिस्ट्री भी भेजी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोई सुरक्षा मुहैया नहीं करवाई गई।

देशभर में शादी-ब्याह की रौनक बढ़ने वाली

■ 25 दिनों में होंगे 52 लाख विवाह

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। शुभ मुहूर्त शुरू होते ही देशभर में शादी-ब्याह की रौनक बढ़ने लगी है। आने वाले दिनों में बाजारों से लेकर मैरिज पैलेस और होटल तक व्यस्त रहने वाले हैं। व्यापारियों को इस वेडिंग सीजन में बड़े कारोबार की उम्मीद है। अनुमान है कि 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच देशभर में करीब 52 लाख शादियां होंगी, जिनसे लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हो सकता है। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्टढ्ढञ्ज) ने यह अनुमान जारी किया है। संगठन के मुताबिक, शादियों की बढ़ती संख्या का सीधा फायदा कई कारोबारों को मिलने की संभावना है। कैट के अनुमान के अनुसार, इस 25 दिवसीय वेडिंग सीजन में देशभर में रोजाना औसतन दो लाख से अधिक विवाह हो सकते हैं। इस दौरान बाजारों में खरीदारी बढ़ने और कारोबार में तेजी आने की उम्मीद है। शादियों की तैयारियों के चलते कपड़े, गहने, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावट और खानपान से जुड़े कारोबारियों को अच्छे व्यापार की आस है। इसके अलावा होटल, मैरिज पैलेस, ट्रांसपोर्ट और आतिथ्य क्षेत्र में भी मांग बढ़ सकती है।



